ing laws which our Government is very successfully implementing. At present our able Chief Minister, who is himself a farmer, knows the real difficulties of the farmers in our *krishi pradhan desh*. I am sure he will make this Bill also a very great success in our State.

I congratulate our Hon'ble lady Minister, Shrimati Mohsina ji who is very well-versed with this subject and who has taken keen interest in protecting the interests of poor farmers and the landless people. With these words, I support this measure and thank you very much for giving me this chance to speak.

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मोहसिना किदवई) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत आभारी हूं उन तमाम मैम्बरान का, जिन्होंने इस लैंड एक्वीजिशन बिल के ऊपर अपने ख्यालात का इज़हार किया। कुछ मैम्बरान ने बहुत अच्छे कुछ सुझाव भी दिये और कुछ मैम्बरान ने समर्थन भी किया और कुछ ने थोड़ी मुखालिफत भी की कुछ क्लाजेज की। जनाब सदर साहब, यह जो हमारा बिल है यह बहुत दिनों से, जैसा कि आपको मालूम है 1894 का यह बिल है जिसमें यह अमेंडमेंट किया जा रहा है। 90 वर्ष के बाद आ रहा है। यह बात सही है कि बहुत दिनों से इसकी जरूरत थी लेकिन यह किसानों से सम्बन्धित था इसलिये बहुत सोच-विचार के बाद, मैम्बरान साहब को मालूम होगा कि इस पर मुल्ला कमेटी बैठाई गई थी और 1967 में उन्होंने इनडैप्थ इन तमाम चीजों को देखा और उनकी रिइमेडेशंस भी आई और दूसरे लोगों की भी इसमें राय ली गई और उसके बाद इस बिल में अमेंडमेंट किया गया। जहां तक गवर्नमेंट का सवाल है यह बात बिल्कुल सही है, इसमें कोई दो राय नहीं है कि माननीय प्रधान मंत्री जी की कोशिशों के बाद यह बिल यहां आ सका और उन्हें हमेशा इसकी चिंता रही कि जो छोटे किसान है, छोटे काश्तकार हैं उनको नुकसान नहीं होना चाहिये। हमारी एक डवलपिंग कंट्री है। उसके तहत हमें इंडस्ट्रीयलाइजेशन की तरफ भी देखना है, विकास की तरफ भी देखना है। साथ ही साथ जैसा मैंने अपने आपनिंग रिमार्क्स में कहा कि उन लोगों का हित भी देखना है जिन पर असर इसका पड़ता है, जिनकी जमीनें हम लेते हैं। मान्यवर, हमारा यह बिल्कुल मतलब नहीं होता कि छोटे किसानों की जमीन हम खासतौर से लें या हम ऐसे किसानों की लें, छोटे लोगों की लें, जैसा कि कहा गया कि उनका सिर्फ यही एक जरिया है, छोटी सी जमीन जिनके पास है। बहुत से मेम्बरान ने यह बात भी कही कि एग्रीकल्चरल लैंड नहीं लेनी चाहिये। कुछ ने कहा कि छोटे किसानों की लैंड नहीं लेनी चाहिये, कुछ लोगों ने कहा कि जो ऊसर लैंड है उसको ही लेना चाहिये। यह सारी चीजें बिल्कुल सही हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है कि नहीं लेनी चाहिये। लेकिन अगर हमने कहीं एक हजार एकड़ जमीन ली है और उसमें एक पेच एग्रीकल्चर लैंड का आ गया तो उसको कैसे छोड़ा जा सकता है, वह नहीं बचाया जा सकता है। यह हम नहीं चाहते कि वह जमीन ली जाए लेकिन मजबूरी है, हमें लेनी पड़ती है। कई ऐसी मिसालें आती है जिसमें मजबूरी होती है सरकार के सामने। स्टेट गवर्नमेंट्स को यह खासतौर से हिदायत है कि ज्यादा से ज्यादा कोशिश की जाए कि जो बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स आते है, बड़ी-बड़ी हमारी इंडस्ट्रीज लगती हैं, कारखाने लगते हैं उनके लिये ज्यादा से ज्यादा ऊसर लैंड लेने की कोशिश की जाए। मान्यवर, जब कभी कहीं भी हम विकास का कार्य शुरू करते हैं, चाहे सड़क हो, नहर हो, बड़े-बड़े कारखाने हों, उनके लिये जमीन लेनी जरूरी होती है और जब जमीन

[श्रीमती मोहसिना किदवाई]

लेनी जरूरी हो तो किसान की जमीन उसमें जायेगी । हमारी कोशिश होती है कि एग्रीकल्चर लैंड न हो, छोटे किसानों का जमीन न हो और ज्यादा से ज्यादा ऊसर जमीन हो । लेकिन कभी-कभी हमें एग्रीकल्चर लैंड लेनी पड़ती है, छोटे किसानों की भी, नहीं चाहते हुए, उनकी ये जैरियेमाश ले लेते हैं । मैं मेम्बरान से यह दरख्वास्त करूंगी, जितने मेम्बरान यहां बोले उनमें मैं माननीय सदस्य श्री सिंह की बहुत आभारी हूं । उन्होंने पूरे बिल पर क्लाज बाई क्लाज बिलकुल सही दृष्टि से जो एमेंडमेंट्स की गई है उन पर अपनी राय जाहिर की है । बाकी मेम्बरान ने भी इस पर अपनी राय जाहिर की है । हमारा पिछला रिकार्ड है और यह बात सही है कि 20-25 वर्षों से सैक्शन (4) में नोटिफिकेशन हुआ, लेकिन अभी तक जमीन का मुआवजा नहीं मिला । यह कहा गया कि नोटिफिकेशन के बाद भी उनको मुआवजा नहीं मिला । ये सारी चीजें बिलकुल सही है । इन सारी दिक्कतों को देखते हुए ये एमेंडमेंट्स लाने की जरूरत पड़ी । ये नई एमेंडमेंट्स है । सबसे बड़े दो चार सवाल उठाये गये है । सबसे बड़ी बात यह कही गई कि मार्किट रेट पर मुआवजा देना चाहिए । यह बात सही है । लेकिन मार्किट रेट किस तरह से एसेस किया जाए ? बहुत से मेम्बरान ने कहा कि सेल्स डीड्स के आधार पर होना चाहिए । लेकिन जो जमीन की रजिस्ट्री कराते है वह कम पैसों में कराते हैं, इसलिए उसके आधार पर भी नहीं हो सकता है । किसी ने भी यह सुझाव नहीं दिया कि मार्किट रेट किस तरह से एसेस किया जाए । इस बारे में मुल्ला कमेटी भी बैठी थी । उसने कहा कि सेक्शन 4(1) से इसको देखना चाहिए और मार्किट रेट लेना चाहिए । लेकिन उसको भी एसेस नहीं कर सकते है । इन तमाम चीजों से बचने के लिए अब आप देखेंगे कि सबसे बड़ी बात इस बिल मे यह की गई है कि तीन साल की टाइम लिमिट रखी गई है । तीन साल के अन्दर कलेक्टर को प्रोसीडिंग्स सेक्शन 4(1) से सेक्शन 11 तक पूरी कर देनी होंगी । जसमें भी सेक्शन 6(1) से सेक्शन 11 में दो साल और सेक्शन 4(1) से सेक्शन 6(1) तक एक साल का वक्त है... **(व्यवधान)** । आप सुनिये तो सही । जब यह नोटिफिकेशन करेगा सेक्शन 6(1) से वह मुआवजा देगा और वह एक साल का है । पूरे प्रोसीडिंगज तीन साल के अन्दर पूरे करने होंगे । जैसा कि प्रधान मंत्री जी का जिक्र यहां पर बारबार किया गया है कि वे मार्किट रेट पर मुआवजा देना चाहते हैं । यह सही है, वह मार्किट रेट पर मुआवजा दिलवाना चाहती है । इसलिए मैंने कहा कि सेक्शन 4(1) से सेक्शन 6(1) तक केवल एक साल का वक्त दिया गया है ।

श्री राम चन्द्र विकल : जो जमीन सन् 1959 में एक्वायर कर ली गई थी या सन् 1960 में एक्वायर कर ली गई थी उसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : आप सवाल पूछना चाहते हैं तो बाद में पूछ लीजिये । अभी बीच में इन्टरप्ट मत कीजिये ।

श्रीमती मोहसिना किदवई : मैं यह कह रही थी कि जहां तक मार्किट रेट का सवाल है, सेक्शन 4(1) से सेक्शन 6(1) तक एक साल का वक्त दिया गया है । एक साल में मार्किट रेट कितना बढ़ना

है, इसका आप एसेसमेंट करें। इसलिए इसका प्रोविजन किया गया है कि गोलवोलेशियम 15 परसेंट से बढ़ाकर 30 परसेंट और ऊपर से नोटिफिकेशन के वक्त के मार्किट रेट पर प्रतिवर्ष 12 परसेंट और दिया जाएगा। इस तरह से यह 42 परसेंट एक किसान को एक साल में मिल सकता है। अगर किसान की जमीन सन् 1984 में सौ रुपया गज है तो सन् 1985 में उसको 142 रु० के हिसाब से मुआवजा मिलेगा और तीन साल के अन्दर उसकी प्रोसीडिंग होती है तो 166 रु० पर स्क्वायर यार्ड मिलेगा। इस तरह से किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा 66 परसेंट ऊपर मिलेगा जितना उनका नोटिफिकेशन के वक्त था तीन साल का वक्त इसलिए रखा गया है कि अगर तीन साल में कलेक्टर पूरी प्रोसीडिंग्ज नहीं करता है तो वह सारी प्रोसीडिंग्स लेप्स हो जाएंगी। नये सिरे से सेक्शन 4(1) में फिर से नोटिफिकेशन करना पड़ेगा मैं यह यकीन दिलाना चाहती हूं कि यह जो बिल है इससे बड़े-बड़े किसानों और बड़े बड़े जमींदारों को शायद इससे नुकसान हो, लेकिन जो छोटे किसान है उनके हितों को ध्यान में रखकर यह बनाया गया है। सबको इसका फायदा होने वाला है। अगर आप इसकी एमेंडमेंट्स को देखें तो आप इसकी सराहना करे बगैर नहीं रह सकते है। लेकिन विकल जी ने भी और श्री वीरेन्द्र वर्मा जी ने भी इसकी सराहना नहीं की, अच्छी बातों की सराहना नहीं की। इसमें क्लाज 9 में जैसा मैंने बताया, जो अमेन्डमैंट की गई है, उसमें टाइम लिमिट फिक्स की गई है। यह कहा गया है कि इससे पुराने लोगों को फायदा नहीं मिलेगा। फर्ज कीजिये कि सन् 1950 में जमीन एक्वायर की गई और उसका मुआवजा नहीं मिला। दो तरह की इसमें चीजे हैं। उनको 12 प्रतिशत मिलेगा चाहे 50 से ही ली हो या 40 से ली हो।

श्री वीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : 12 प्रतिशत मिलेगा। लेकिन मुआवजा क्या मिलेगा। नोटिफिकेशन 59 में हुआ।

श्रीमती मोहसिना किदवई : वह तो माना जावेगा। वह नहीं हटाया जा सकता जो नोटिफिकेशन हो चुका है वह रहेगा।

इसके अलावा 30 प्रतिशत सोलेशियम मिलेगा। और नोटिफिकेशन के वक्त के मार्किट रेट पर प्रति वर्ष 12 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त यह मिलेगा। अगर सैक्शन 4 में नोटिफिकेशन हो चुका है तो उसको 42 प्रतिशत ज्यादा मिलेगा। जिसका नोटिफिकेशन हो चुका है, अवार्ड भी उसका हो चुक है और अवार्ड नहीं मिला तो उसको 15 प्रतिशत इन्टरेस्ट भी मिलेगा। इस तरह से अगर किसी की जमीन उस वक्त 1950 में सौ रुपये ली गई थी तो उसको लगभग 300 के करीब इस वक्त मिलेगा। इस हिसाब से जमीन की कीमतें बढ़ गई है, लेकिन फिर भी . . . .

श्री वीरेन्द्र वर्मा : 100 गुना बढ़ गई हैं।

श्रीमती मोहसिना किदवई : जितनी भी बढ़ी हैं लेकिन सैक्शन 4 जिस दिन लगाया जाता है, जिसको मालूम है कि जमीन ली जायेगी, जो छोटे किसान हैं वे कोर्ट में नहीं जा पाते, बड़े बड़े किसान कोर्ट में चले जाते हैं और उन को मुआवजा मिल जाता था लेकिन इस में जो अमेन्डमैन्ट की गई है उस में अगर एक किसान कोर्ट में जाता है और कोर्ट अवार्ड करता है कि उसको मुआवजा ज्यादा मिलना चाहिये तो उसके आस-पास की जितनी जमीन है

[श्रीमती मोहसिना किदवई]

छोटे छोटे किसानों की, जो कोर्ट में नहीं जा सकते उनको भी मुआवजा मिलेगा। उसको कलैक्टर की दरख्वास्त देनी होगी और उसको मुआवजा दिलवाया जायेगा । इस में इतना जबर्दस्त अमेंडमेन्ट किया गया है ।

दूसरी बात यह है कि कलेक्टर के पास जो किसान जाते थे जिनके मुआवजे के लिये नोटिफिकेशन की बात विकल जी ने कही यह बात सही है कि पहले होता था वह यह था कि नोटिफिकेशन घोषित होता था और वह आफिशियल गजट में आ जाता था और उसके बाद 30 दिन लग जाते थे । इस में जो अमैन्डमैन्ट किया गया है आपने देखा होगा कि नोटिफिकेशन के साथ पब्लिकेशन भी जरूरी है और जिस दिनपब्लिकेशन होगा उस दिन से 30दिन माना जायेगा। पब्लिकेशन दो डेली न्यूज पेपर्स में होगा। उन दो में से यह जरूरी है कि एक रीजनल लेंगवेज में हो ।

श्री राम चन्द्र विकल : वहां अखबार कोई नहीं पढ़ता । आपको चाहिये कि उनको नोटिस सर्व किया जाये . . (**व्यवधान**

संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) । विकल साहब . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री राम चन्द्र विकल : उसका रिकार्ड होना चाहिये । चपरासी जाकर समन दे । अखबार कोई नहीं पढता, तभी उनको पता पड़ेगा ।

श्रीमती मोहसिना किदवई : आप इसमें पढ़िये । नोटिस भी देंगे और न्यूज पेपर्स के अन्दर भी निकलेगा और जैसा कि सिंह साहब ने कहा कि पुराना जो ढुग्गी पीटने वाला तरीका है वह मौजूद है ही, यह लोकल तरीका है इस के अलावा अब पढ़े लिखे आदमी बहुत हो गये हैं । कोशिश की जायेगी कि कैसे नोटिफिकेशन के सिस्टम को मजबूत किया जा सकता है ।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार) : आप डाइरेक्ट सूचना दे दीजिये । इस में क्या हर्ज है ?

श्री राम चन्द्र विकल : उनको डाइरेक्ट सूचना जानी चाहिये ।

श्रीमती मोहसिना किदवई : डाइरेक्ट सूचना दिलाई जाती है । लेकिन इस में यह है कि गजट नोटिफिकेशन हो जाता है, इसके अलावा भी उनको सूचना दी जाती है । लेकिन सूचना उनको कभी मिलती है कभी नहीं मिलती । इस लिये सैंपेप में भी निकालेंगे और इस के अलावा जो वहां का पुराना कायदा है . . . (**व्यवधान**) . . .

इसी तरह से इस में मान्धवर जो कारपोरेशन और सोसायटी का है वह आपने देखा होगा कि यह भी बहुत सराहनीय अमैंडमेंन्ट है । इसके अलावा जो रीहेब्लीटेशन की बात कही गई है, मैं पूरी तरह से सहमत हूं कि रीहेब्लीटेशन का काम जरूरी है । लेकिन जैसा अभी प्रमीला चौहाण ने कहा कि महाराष्ट्र गवर्नमेंट ने जमीन के बदले जमीन देने की योजना बनाई है । स्टेट अपने यहां अपने कानून बना सकते है कि कैसे उनको रीहेबीलीटेट करें या किस तरह से उनको रोजगार दिलवाया जा सके, इसकी उनको छूट है । लेकिन यहां से किसी कानून के जरिये किसी जमीन के बदले जमीन या रीहेब्लीटेशन कानून के जरिये से दिलाना फिलहाल मुश्किल नजर आता है । वैसे स्टेट्स गवर्नमेंट को बाकायदा ये हिदायते हैं और बाज बाज स्टेट्स गवर्नमेंट्स कर रही हैं कि जिनकी जमीन ली जाती है उस खानदान के एक सदस्य को उस में

नौकरी देना जरूरी होता है और उनको नौकरी दी जा रही है । लेकिन कहीं कहीं इसका उल्लंघन भी होता है, यह मुझे मालूम है । जहां पर जिन मैम्बरान ने अपने खयालात का इजहार किया है, जब स्टेट गवर्नमेंट को गाइड लाइंस दी जायेगी तो उस में उनका पूरा खयाल रखा जायेगा और किस तरह से उन छोटे किसानों का हित हम सुरक्षित रख सकते हैं, उनका रीहेब्लीटेशन कराने में हम किस तरह मदद दे सकते हैं । यह एक सीमित कानून है कि हम कैसे पब्लिक परपज के लिये जमीनें जो लोगों की लेते हैं, उस वक्त के लिये यह कानून है । इसके अलावा लेंडलेस के लिये इम्पलाइमेंट की व्यवस्था और न जाने कितनी ऐसी स्कीमें हैं जिनके बारे में इस वक्त मैं तफसील से नहीं कहना चाहती हूं । लेकिन यह सब स्कीमें ऐसे ही लोगों के लिये हैं जिनके पास जमीन नहीं है उनके लिए एन० आर० ई० पी० और आर० एल० ई० जी० पी० स्कीमें हैं जिन से उन लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने की कोशिश की जा रही है । बीस सूत्री कार्यक्रम में ग्रामीण विकास की योजनायें हों ये सब इससे अलग है जिनके जरिये से उनको रोजगार दिलाने की, रिहेबिलिटेट कराने की पावर्टी लाइन से ऊपर उठाने की बात की है । इस वक्त जितनी भी स्कीम्ज हैं वे सब उसी तबके के लिए हैं जिसकी बात आप कह रहे हैं और जिसकी वकालत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी कर रही हैं और हमारा प्रयास यह है कि जितनी भी सारी स्कीम्ज बनाई गई हैं, योजनायें बनाई गई हैं उन से इन तबकों को पूरा फायदा हो सके । इन शब्दों के साथ जितनी बातें कही गई हैं । उनका जवाब दिया है लेकिन एक बात हाशमी साहब ने कही कि रिलीजियस प्रापर्टीज हैं उनको भी ले लिया गया मैं समझती हूं कि आज तक कोई ऐसी बात नजर नहीं आई जिसमें कोई गुरुद्वारा, मन्दिर, मस्जिद या गिरिजा को एक्वायर किया गया हो । यह सख्त हिदायत है स्टेट गवर्नमेंट्स को..... **(व्यवधान)**

श्री सैयद अहमद हाशमी : मस्जिद को एक्वायर करने की मिसाल है । (इमामबाड़ा, ईदगाह.....**(व्यवधान)** इलाहाबाद यहाई कोर्ट का फैसला है.... **(व्यवधान)**

†[ڈاکٹر سید احمد ہاشمی : مسجد کو اکوائر کرنے کی مثال ہے - امام باڑہ - عید گاہ .....(مداخلت).....

الہ آباد ہائی کورٹ کا فیصلہ ہے.....

(مداخلت).....]

श्रीमती मोहसिना किदवई : लैंड एक्वीजीशन एक्ट के जरिए से लेने की कोशिश... **(व्यवधान)** यह जो हम चाहते हैं उसमें कुछ अच्छा हो तो अच्छाई की गुंजाइश इसलिए नहीं होती... **(व्यवधान)**

श्री सैयद अहमद हाशमी : आप बहुत सोच समझ कर जवाब दीजिए । मेरी समझ से आप मुत्तफिक होंगी, आप यह नहीं चाहेंगे कि माइनार्टीज का इंट्रेस्ट इस मुल्क के अन्दर खत्म हो, **(व्यवधान)** किसी भी सेक्शन आफ रिलीजन का इंट्रेस्ट खत्म हो यह आप है

†[ ] Transliteration in Arabic script.

[श्री सैयद अहमद हाशमी]

नहीं चाहेंगे इसलिए इसमें कोई हर्ज नहीं कि आप एश्योर करें कि इसको मुनासिब वक्त में सूटेबली अमेंडमेंट कर दिया जाएगा (व्यवधान)

†[شری سید احمد ہاشمی : آپ

بہت سوچ سمجھکر جواب دیجئے - میری سمجھ سے آپ متفق ہوں گی - آپ یہ نہیں چاہیں گے کہ مائناریٹیز کا انٹریسٹ اس ملک کے اندر ختم ہو .....(مداخلت)..... کسی بھی سیکشن آف ریلیجن کا انٹریسٹ ختم ہو - یہ آپ نہیں چاہیں گے اس لئے اس میں کوئی حرج نہیں کہ آپ ایشور کریں کہ اس کو مناسب وقت میں سوٹیبلی امینڈ کر دیا جائے گا -]

श्रीमती मोहसिना किदवई : देखिए, मैं आपसे यह कह रही हूं कि किसी भी रिलीजन की जो रिलीजियस प्रापर्टी है उसी में सारी इबादतगाहें आती हैं और कोई भी सरकार खास तौर से हमारी सरकार किसी कीमत पर नहीं चाहती कि किसी रिलीजियस प्रापर्टी को एक्वायर किया जाए और किसी को कोई ठेस लगाई जाए लेकिन आजकल की हालत आप देख रहे हैं कि किस तरह से इबादतगाहों का एक्सप्लायटेशन होता है।

श्री सैयद अहमद हाशमी : इसलिए उनको एक्वायर कर लिया जाए ।

†[شری سید احمد ہاشمی : اس

لئے انکو اکوائر کر لیا جائے -]

श्रीमती मोहसिना किदवई : बिल्कुल नहीं, एक्वायर करने का सवाल ही पैदा नहीं होता और न एक्वायर करने की कोई मंशा है। स्टेट गवर्नमेंट्स को यह सख्ती के साथ हिदायत है कि इस किस्म का कोई प्रापर्टी . . . (व्यवधान)

श्री सैयद अहमद हाशमी : यह बहुत खराब बात है लैंड एक्वीजीशन एक्ट में बहुत सी खामियां है, उनको दूर कर दिया जाए जिसको प्रोपर तरीके पर अमेंड कर दिया जाए ।

†[شری سید احمد ہاشمی : یہ

بہت خراب بات ہے - لینڈ اکویزیشن ایکٹ میں بہت سی خامیاں ہیں - ان کو دور کر دیا جائے - اس کو پروپر طریقہ پر امینڈ کر دیا جائے -]

श्रीमती मोहसिना किदवई : आपका जो सुझाव है उसको देखा जाएगा और कैसे स्टेट गवर्नमेंट्स उसका पालन करें, यह जरूर देखा जाएगा । जो आपने सुझाव दिया है उसको नीचे तक सही ढंग से पहुंचाया जाए और उसको एनजीक्यूट कराया जाए यह आपके कहने के बाद स्टेट गवर्नमेंट्स से कहा जाएगा । इन शब्दों के साथ मान्यवर, मैं मेम्बरान से यह रिक्वेस्ट करूंगी कि वे इस बिल को पास करें जिसके जरिये से किसानों को बहुत ही फायदा होने जा रहा है ।

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): The question is:

"That the Bill further to amend the Land Acquisition Act, 1984, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): Now, we shall take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 8 were added to the Bill.

Clause 9 (Insertion of new section 11A)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): The question is:

"That clause 9 stand part of the Bill."

There are two amendments by Mr. Virendra Verma.

श्री वीरेन्द्र वर्मा : मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

1. "पृष्ठ 5 पर, पंक्ति 30 में 'दो वर्ष' शब्दों के स्थान पर 'एक वर्ष' शब्द प्रतिस्थापित किये जायें।"

2. "पृष्ठ 5 पर, पंक्ति 34 से 36 हटा दी जायें।"

मैं एक्सप्लेन भी करूंगा, मैं इस अमेंडमेंट के ऊपर बोलूंगा भी।

मान्यवर, यह आपने सोच समझ कर दो वर्ष किया है। इस कारण कि बहुत लम्बे समय तक ये अवार्ड्स नहीं दिये जाते हैं। मैंने एक वर्ष दिया है। एक वर्ष भी बहुत होता है यह आपको सोचना चाहिए। इसी लिए मैंने दो वर्ष के स्थान पर एक वर्ष लिया है। दूसरा यह है कि पेज 5 पर पंक्ति 34 से 36 हटा दी जाय। यह प्राविजो जब आपने बिल 30 अप्रैल, 1982 को लोक सभा में पेश किया था तो उस समय नही था। यह बाद में हुआ है। फिर आपने ही जो प्राविजो अब लोक सभा में पेश किया था उसमें केवल 3 वर्ष रखा था। अब आपने उसमें 3 वर्ष भी डिलीट कर दिया है। इसका मतलब यह हुआ कि पिछले 25 वर्ष से जमीन के एक्विजीशन की कार्यवाही चल रही है वह अनलिमिटेड पीरीयड तक चलती रहे..

श्रीमती मोहसिना किदवई : नही नहीं।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : यह तो है ही। आपका यह प्राविजो जो है :

"In computing the period referred to in this section any period or periods during which the proceedings of the acquisition of land were held or on account of any stay or injunction by the court shall be excluded."

श्रीमती मोहसिना किदवई : नही नहीं, यह तो कोर्ट का है... **(व्यवधान)**

श्री वीरेन्द्र वर्मा : आपने तो निकाल दिया 3 वर्ष तक पीरीयड। पहले तो कहा था 3 वर्ष बाद कुछ नहीं होगा। पहले पीरीयड नहीं था। फिर 2 वर्ष रख दिया फिर 3 वर्ष रख दिया। अब अनलिमिटेड टाइम कर दिया। तो ये दोनों बातें है, मैं इसका कड़ा विरोध करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): I shall now put amendment Nos. 1 and 2 to vote.

The motion was negatived.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): I shall now put clause 9 to vote. The question is:

"That clause 9 stand part of the Bill".

The motion was adopted.

Statement

Clause 9 was added to the Bill.

Clauses 10 to 12 were added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): We shall now take up clause 13. There is one amendment.

Clause 13—Amendment of section 17

श्री बीरेन्द्र वर्मा : मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

3. "पृष्ठ 6 पर, पंक्ति 38 में 'जल निकास' शब्दों के पश्चात् 'चक रोड' शब्द अन्तःस्थापित किये जायें।"

मान्धवर, इसमें जितनी बातें आपने लिखी हैं, यह मेरा मामूली सा अमेंडमेंट है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): I shall now put amendment No. 3 to vote.

The motion was negatived.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): I shall now put clause 13 to vote. The question is:

"That clause 13 stand part of the Bill.

The motion was adopted.

Clause 13 was added to the Bill.

Clause 14 was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): We shall now take up clause 15. There is one amendment.

Clause 15—Amendment of section 23.

श्री बीरेन्द्र वर्मा : मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

4. "1. पृष्ठ 7 पर, पंक्ति 37 से 41 में 'ऐसी भूमि के सम्बन्ध में धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से ही प्रारम्भ होने वाली और कलेक्टर के अधिनिर्णय की तारीख तक या उस भूमि का कब्जा करने की तारीख तक की अवधि के, इनमें से जो भी पहले हो, लिये' शब्दों के स्थान पर 'उस तारीख से प्रारम्भ होने वाली अवधि के लिए जिसको कलेक्टर भूमि का कब्जा करे' शब्द प्रतिस्थापित किये जायें ।

2. पृष्ठ 8 पर, पंक्ति 1 से 4 हटा दी जायें।

3. पृष्ठ 8 पर, पंक्ति 5 में 'तीस प्रतिशत' शब्दों के स्थान पर 'पचास प्रतिशत' शब्द प्रतिस्थापित किये जायें।"

माननीय मंत्री जी इस क्लाज पर ही मुझे सबसे अधिक आपत्ति है । माननीया प्रधान मंत्री जी ने 16 फरवरी 1981 को किसानों की रैलों में घोषण की थी कि किसानों की जब जमीन ली जायेगी तो उसी वक्त का उन्हें मुआवजा दिये जायेगा । इस क्लाज में उसको निगेटिव कर दिया गया है । उसका कोई ध्यान नहीं रखा गया है । अब आप बतायें कि जमीन जब ली जायेगी और 25 वर्षों से जिन लोगों के केसेज यहां पेंडिंग हैं उन्हें मुआवजा 25 वर्ष पहले के नोटीफिकेशन के टाइम का दिया जायेगा । यह कहां उसके साथ न्याय होगा और यह घोषणा तो प्रधान मंत्री जी ने की लेकिन यहां पालन क्यों नहीं कराया उसका ।

4 P.M. उसका विरोध आपने क्यों किया ? उसके अनुसार आपने क्यों काम नहीं किया है ? **(समय की घंटी)** इसलिए मैं यह मूव करके इसका घोर विरोध करता हूं जो आपने रखा है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): I now put amendment No. 4 to vote.

The motion was negatived.

Clause 15 *was added to the Bill.*

Clauses 16 *and* 17 *were added to the Bill.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): Now we take up clause 18. There is one amendment by Shri Virendra Verma.

Clause 18—*Amendment of section* 28.

SHRI VIRENDRA VERMA: Sir, I move:

5. "That at page 8, line 5, for the words 'nine per centum' the words 'fifteen per centum' be substituted."

The question was proposed.

श्री वीरेन्द्र वर्मा : मान्यवर, यह जो भी है, मैं अमेंडमेंट मूव करता हूं और इसी के ऊपर—और जब आपका तो यह सभी का रवैया है, इसलिए 18 और 20 के अमेंडमेंट, दोनों ही एक प्रकार के हैं, मैं मूव करता हूं और एक ही साथ अपने विचार भी इन दोनों पर रख देता हूं ।

मान्यवर, 1894 में, आज से 90 वर्ष पूर्व अंग्रेज सरकार ने—जब देश गुलाम था, किसान को 6 प्रतिशत के रेट आफ इंट्रेस्ट को दिलाने की घोषणा की थी उस अपने एक्ट में और आज आजादी के 37 साल बाद, और 90 साल के लैंड एक्वीजीशन एक्ट के बाद, आज आपकी सरकार केवल 6 प्रतिशत—उस समय के 6 प्रतिशत के मुकाबले में जो 9 फीसदी दिला रहे हैं, इसका क्या जस्टिफिकेशन है ।

आज काश्तकार को शैड्यूल्ड बैंक्स से, कमर्शियल बैंक्स से, सरकार की तरफ से जितने भी कर्जे मिलते है, वह कोई भी 16-18 फीसदी से कम इंट्रेस्ट रेट पर नहीं मिलता है और आप इसको 9 फीसदी का रेट आफ इंट्रेस्ट दिला रहे हैं। यह क्या न्याय है ? या तो किसानों के लिए हमदर्दी दम भरना छोड़ दें और या फिर उसको उचित रेट आफ इंट्रेस्ट दिलवाइयेगा ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): I shall now put amendment No. 5 to vote.

The motion was negatived.

Clause 18 *was added to the Bill.*

Clause 19 *was added to the Bill.*

Clause 20—*Amendment of section* 34.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): Now we take up clause 20. There is one amendment by Shri Virendra Verma.

6. "That at page 9, line 5, for the words 'nine per centum' the words 'fifteen per centum' be substituted."

The question was put and the motion was negatived.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): Now I put clause 20 to vote.

The motion was adopted.

Clause 20 *was added to the Bill.*

Clauses 21 *to* 30 *were added to the Bill.*

Clause 1, *the Enacting Formula and the title were added to the Bill.*

SHRIMATI MOHSINA KIDWAI: Sir, I move:

"That the Bill be passed."

The question was proposed.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : उपसभाध्यक्ष जी, मैं इसी लिए इस बात को कहने के लिए खड़ा हुआ हूं कि इस

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

विधेयक में, न तो विधेयक में और न माननीया महोदया जी के वक्तव्य में बटाईदारों की समस्या का कोई निदान हुआ है । वह वहां पर बिना गांव के जब उचड़ेंगे, तो गांव में सभी जमीन वाले नहीं हैं, उसमें पचपिनियां नाम से बहुत से प्राणी हैं—बढ़ई हैं, लौहार हैं, कुम्हार हैं, और इस तरह के आर्टिजंस हैं, उनकी भी व्यवस्था कुछ नहीं है । उनको इन्होंने बता दिया कि ग्रामीण विकास में एन०आर०ई०पी०, आई०आर०डी०पी० में होगा । यह एन० आर० ई०पी०, आई०आर०डी०पी० नहीं है, यह गांव उजाड़ने पर जमीन लेने की बात है । उनकी भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जो अपंग हैं, अपाहिज है, जिसका उसी जमीन पर भरोसा है, उनकी जमीन लेने के बाद कुछ पैसे दिये जायेंगे, लेकिन उनकी आजीविका की व्यवस्था नहीं होगी। श्रीमान्, एक बात और, बहुत से किसानों ने आज इम्प्रूवड लैंड बनाई है, उसमें नलकूप लगा करके, बिजली लगा करके यह इम्प्रूव्ड लैंड हुई, इसकी भी कोई व्यवस्था नहीं है । एक बार सीलिंग हो जायेगा तो हो जायेगा । इस तरह की भी व्यवस्था नहीं है । आज कौन सी जमीन ऐसी है जहां पर कि किसान ने जमीन को इम्प्रूव नहीं किया है । एक बात तो होनी चाहिए । श्रीमन्, पहले एक कानून था प्रदेशों में कि जिसकी डेढ़ एकड़ जमीन है और जिसकी जीविका का साधन भी वही है, उसकी जमीन को नहीं लिया जाएगा । फिर जो उपजाऊ जमीन है, उस उपजाऊ जमीन को भी नहीं लिया जाएगा । लेकिन इस तरह की भी कोई व्यवस्था इसमें नहीं है । माननीय मंत्री महोदया ने इस पर कोई विचार नहीं रखा और न ही इसका कोई निदान रखा है । इसलिए मैं इसका समर्थन नहीं कर सकता ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

STATEMENT BY MINISTER

Government's Decision to Pay Four More Instalments of Dearness Allowance to Central Government Employees

THE MINISTER OF FINANCE SHRI PRANAB KUMAR MUKHERJEE): Mr. Vice-Chairman, Sir, with your permission I will like to make an announcement.

According to the existing scheme payment of an instalment of Dearness Allowance to Central Government employees is taken up for consideration after every eight point increase in the 12 monthly average of the All India Average Consumer Price Index for Industrial Workers (base 1960-100). The last instalment of Dearness Allowance was sanctioned on 21-5-1984 with effect from 1-11-1983 with reference to the average index of 520 points. Since then payment of four more instalments of Dearness Allowance with effect from 1-1-1984, 1-2-1984, 1-4-1984 and 1-6-1984 respectively have become due for consideration.

Government have now decided to pay these four instalments of Dearness Allowance to the Central Government employees in cash. Detailed modalities of this payment will be worked out and orders will be issued by the Ministry of Finance in due course.

Along with the payment of Dearness Allowance to the serving Central Government employees Dearness Relief to Pensioners including family pensioners is also sanctioned. Government have also decided to sanction four instalments of Dearness Relief to the pensioners with effect from 1-1-1984, 1-2-1984, 1-4-1984 and 1-6-1984. Orders in this regard will also be issued by the Ministry of Finance in due course.